# 50 मीटर तैराकी में गोरखनाथ व सीमा अव्वल

अमर उजाला ब्यूरो

अंबेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के तत्वाधान में अंतर महाविद्यालीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन एकलव्य स्टेडियम में आयोजित हुआ। इसमें जिले के अलावा विभिन्न जिलों के टीमों ने प्रतिभाग किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी नीरज मिश्र ने आब्जर्वर के तौर पर अपनी भूमिका को निभाते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र छात्राओं के भीतर आत्मविश्वास पैदा होता है। साथ ही भविष्य में बहुत कुछ हासिल करने की झलक भी दिखती है।

प्रतियोगिता में रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अलावा नंदिनी नगर, ग्रामोदय पीजी कॉलेज फैजाबाद, कुंवर चंद्रावती पीजी कॉलेज फैजाबाद, सरयू महाविद्यालय गोंडा, विनायक महाविद्यालय फैजाबाद, दयावती महाविद्यालय फैजाबाद, देवइंद्रावती महाविद्यालय, रामजानकी महाविद्यालय फैजाबाद व राणा प्रताप महाविद्याल सुल्तानपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बालकों के 50 मीटर फ्री स्टाइल से शुरू हुई, जिसमें गोरखनाथ यादव को प्रथम, जबकि रामदीन निषाद को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं 100 मीटर फ्री स्टाइल में मृत्युंजय सिंह को प्रथम तथा गौरव नारायण शुक्ला द्वितीय को दूसरा स्थान हासिल हुआ।

## बालक वर्ग के 1500 मीटर फ्री स्टाइल में योगेश्वर प्रथम



अंबेडकरनगर के एकलव्य स्टेडियम में आयोजित तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं खिलाड़ी

400 मीटर फ्री स्टाइल में गौरव नारायण शुक्ल प्रथम को पहला, जबकि योगेश्वर प्रसाद को द्वितीय स्थान से ही संतोष करना पड़ा। इसी क्रम में 1500 मीटर फ्री स्टाइल में योगेश्वर प्रसाद को प्रथम स्थान मिला। 50 मीटर ब्रेस्ट स्टोक में संदीप चौहान को पहला, जबकि चंद्रिका को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं 50 मीटर बटर फ्लाई में ऋषिकेश यादव प्रथम तथा परमानंद को द्वितीय स्थान मिला। छात्राओं के 50 मीटर ब्रेस्ट स्टोक में अनुराधा चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 50 मीटर बैक स्ट्रोक में संध्या कन्नौजिया, जबकि 50 मीटर फ्री स्टाइल में सीमा राजभर ने प्रथम स्थान मिला। इसके अलावा रिंकी जायसवाल ने 100 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता डा. अरविंद कुमार वर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ जितेंद्र गुप्ता, आयोजक सचिव डॉ राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता कल से

आलापुर। जन शिक्षा समिति अवध प्रदेश के तत्वावधान में एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम में जय बजरंग बाल विद्या मंदिर रामनगर की ओर से 3 व 4 अक्टूबर को प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद हरिओम पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा विधायक संजू देवी होंगी। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष कपिलदेव वर्मा करेंगे। उक्त आशय की जानकारी प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा ने दी। कहा कि प्रतियोगिता में लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई, उन्नाव, बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, फैजाबाद व अंबेडकरनगर के लगभग 400 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

## गांधी जयंती पर होगी खेलकूद प्रतियोगिता

अंबेडकरनगर। जिला प्रशासन व जिला खेल कार्यालय एकलव्य स्पोर्ट्स स्टेडियम के सहयोग से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती 2 अक्तूबर को राजकीय हवाई पट्टी पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी नीरज मिश्र ने दी। बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन तीन वर्गों पुरुष ओपने वर्ग, महिला ओपेन वर्ग व अंडर 14 वर्ष के खिलाड़ियों के बीच होगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान से छठवां स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार भी दिया जाएगा। आयोजन स्थल राजकीय हवाई पट्टी निर्धारित किया गया है।

०५
२०१८-१९

Scanned by CamScanner

(11)
2018-19



# रमाबाई महाविद्यालय व रेडिएंट कॉलेज में होगा फाइनल





क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान गेंद को मारने का प्रयास करती महिला खिलाड़ी और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करती आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. विमलेश राठौर

- एकलव्य स्टेडियम में दो दिवसीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू
- पूर्व सांसद स्व. राम प्यारे सुमन की स्मृति में हो रहा आयोजन

संसू, अंबेडकरनगर : पढ़ें बेटियां-बढ़ें बेटियां के साथ अब खेलें बेटियां- नाम करें बेटियां के उद्देश्य के लिए पूर्व सांसद रामप्यारे सुमन की पुण्य तिथि पर आयोजित होने वाली महिला क्रिकेट मैच के पूर्व दो दिवसीय जनपद् स्तरीय महिला क्रिकेट मैच का आयोजन एकलव्य स्टेडियम में शुरू हो गया है। मैच के पहले दिन साकेत अकादमी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए रेडिएंट इंटर कॉलेज के सामने 12 ओवर में 88 रन का लक्ष्य रखा। रेडिएंट कॉलेज ने 10.4 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। दूसरे मैच में भानमती स्मारक महाविद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रमाबाई डिग्री कॉलेज के सामने 102 रन का लक्ष्य रखा। रोमांचक मैच में रमाबाई डिग्री कॉलेज ने तीन गेंद शेष रहते तीन विकेट खोकर मैच जीत लिया। गुरुवार को विजयी टीम रेडिएंट इंटर कॉलेज व रमाबाई डिग्री कॉलेज के मध्य फाइनल मैच होगा। इसमें विजयी टीम को आरपीएस ट्रॉफी-2019 के दौरान सम्मानित किया जाएगा। इसके पूर्व पहले मैच का शुभारंभ आकांक्षा समिति की अध्यक्षा व जिलाधिकारी की पत्नी विमलेश राठौर व दूसरे मैच का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी नीरज मिश्र ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि विमलेश राठौर ने कहा कि उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन के महिला सशक्तीकरण की दिशा में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। कहा कि क्रिकेट लड़कों का खेल माना जाता है, ऐसे में जनपद की लड़कियों का क्रिकेट के मैदान में हाथ आजमाना अपने आप में अभूतपूर्व है। जिसका बहुत ही सकारात्मक संदेश समाज मे जाएगा। कमेंटेटर अजय श्रीवास्तव, स्कोरर विक्रमजीत सिंह, अंपायर की जिम्मेदारी सुधीर चतुर्वेदी एवं आनंद सिंह ने निभाई। उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन की अध्यक्ष रीता प्रकाश मणिकर्णिका, सचिव राजन सुमन, प्रभाकर वर्मा, प्रवीण गुप्त, सिद्धार्थ गौतम, जितेंद्र, सुरेश कुमार, हरीरांम, सुनील सावंत, डॉ. महेंद्र प्रकाश, श्वेता, अमित, राहुल, बब्लू, अरविंद कुमार, विवेक प्रताप शाही, डॉ. अजय कुमार राजभर, चंद्रशेखर चौधरी, प्रज्ञा, आशा, रंजना वर्मा, माधुरी [illegible]



# लड़कियां भी तरक्की को हैं तैयार





बुधवार को एकलव्य स्टेडियम में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करतीं मुख्य अतिथि डा. विमलेश राठौर, क्रिकेट मैच में प्रतिभागी खिलाड़ी प्रमाण पत्र के साथ • हिन्दुस्तान

**महिला क्रिकेट**

**अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद**

जिले के पूर्व सांसद राम प्यारे सुमन की पुण्य तिथि से पूर्व उर्मिला सुमन द फाउन्डेशन के तत्वावधान में जनपदीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को शुभारम्भ एकलव्य स्टेडियम के मैदान में हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी की पत्नी डा. विमलेश राठौर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले दिन रमाबाई महिला पीजी कालेज और रेडिएंट कालेज जलालपुर ने जीता।

फाइनल मुकाबला गुरुवार को होगा। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डा. विमलेश राठौर ने किया। आयोजक उर्मिला सुमन द फाउन्डेशन की चेयरमैन रीता प्रकाश मणिकर्णिका और सचिव राजन सुमन ने सभी का स्वागत किया। प्रतियोगिता का पहला मैच साकेत एकेडमी और रेडिएंट एकेडमी जलालपुर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साकेत एकेडमी सूरापुर ने 12 ओवर में 88 रन बनाए। जवाब में रेडिएंट कालेज ने तीन विकेट खोकर ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। वहीं दूसरा मैच भानमती स्मारक पीजी कालेज अकबरपुर और रमाबाई राजकीय महिला पीजी कालेज के मध्य खेला गया। भानमती स्मारक पीजी कालेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 101 रन बनाए। जवाब में खेलने उतरी रमाबाई राजकीय महिला पीजी कालेज की टीम ने तीन गेंद शेष रहते ही मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि विमलेश राठौर ने उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन के महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज का दिन जनपद के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। कहा कि आज लड़कियों में आगे बढ़ने जज्बा है। वह भी तरक्की के आसमान में उड़ना चाहती हैं।

जिला क्रीड़ा अधिकारी नीरज मिश्र ने दूसरें मैच का शुभारम्भ किया। उन्होंने फाउन्डेशन के प्रयासों की सराहना की। कहा कि आज लड़कियां हर क्षेत्र में आगे में हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन की अध्यक्ष रीता प्रकाश मणिकर्णिका ने कहा कि फाउंडेशन बच्चियों को खेल के क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए दृढ़ संकल्पित है, जिसके लिए हर सम्भव कोशिश करने में फाउंडेशन कभी पीछे नहीं रहेगी। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रभाकर वर्मा, प्रवीण गुप्ता, सिद्धार्थ गौतम, जितेंद्र, सुरेश कुमार, हरीराम, सुनील सावंत, सुरजीत कुमार, पंकज(शिवानन्द), डा. महेंद्र प्रकाश, श्वेता, अमित, राहुल, बबलू, अरविंद कुमार, विवेक प्रताप शाही, डा. अजय कुमार राजभर समेत अन्य लोग मौजूद रहे। मैच में कमेंट्री अजय श्रीवास्तव जब कि स्कोरर विक्रमजीत सिंह रहे।

अम्पायर की भूमिका सुधीर चतुर्वेदी एवं आनन्द सिंह निभाई। सचिव राजन सुमन ने बताया कि पूर्व सांसद की पुण्य तिथि के अवसर पर 20 से 23 जनवरी तक राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता नगर के बीएन इंटर कालेज के मैदान में होगी।

Scanned by CamScanner

(12)

11.01.2019 अमर उजाला, अम्बेडकरनगर



**बेटियों ने महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में दिखाया दमखम**

अंबेडकरनगर। एकलव्य खेल स्टेडियम अकबरपुर में आयोजित महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच जीतकर रेडिएंट इंटर कॉलेज की टीम ने गुरुवार को ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अकबरपुर की अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने विजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। नगर परिषद अध्यक्ष व फाउंडेशन अध्यक्ष ने बाद में आलराउंडर खिलाड़ी नीलू को बैट व बॉल देकर सम्मानित भी किया। संबंधित खबर : पेज 3

**हिन्दुस्तान** लखनऊ • शुक्रवार • 11 जनवरी 2019 04

## पूर्व सांसद राम प्यारे सुमन की पुण्य तिथि से पूर्व आयोजित हुई जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता

# महिला क्रिकेट में रेडिएंट कालेज विजयी

अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद

पूर्व सांसद राम प्यारे सुमन की पुण्य तिथि पर आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच के पूर्व एकलव्य स्टेडियम में खेली जा रही दो दिवसीय जनपद स्तरीय महिला क्रिकेट का फाइनल रेडिएंट कालेज जलालपुर ने जीता। एक आसान मुकाबले में रेडिएंट ने रमाबाई राजकीय महिला पीजी कालेज की टीम को हराया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अकबरपुर की चेयरपर्सन सरिता गुप्ता रहीं। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां भी बुलंदियों को छू रही हैं। बस जरूरत है लगन के साथ किसी भी कार्य को करने की।

इससे पूर्व फाइनल मैच का शुभारम्भ प्रतियोगिता का आयोजक उर्मिला सुमन द फाउन्डेशन की चेयरपर्सन एवं पूर्व सांसद राम प्यारे सुमन की बेटी रीता प्रकाश मणिकर्णिका ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टास जीतकर रेडिएंट कालेज ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रमाबाई राजकीय महिला पीजी कालेज अकबरपुर की

### जनपदीय महिला क्रिकेट

- एकलव्य स्टेडियम में नगर पालिका अध्यक्ष अकबरपुर सरिता गुप्ता रहीं मुख्य अतिथि
- आसान मुकाबले में रेडिएंट कालेज ने रमाबाई राजकीय महिला पीजी कालेज को हराया

खिलाड़ियों ने 15 ओवर में 109 रन बनाए। कौशल्या ने सर्वाधिक 44 रनों की पारी खेली। जवाब में रेडिएंट कालेज जलालपुर की ओर से नीतू ने सर्वाधिक 35 रन बनाकर नाट आउट रहते हुए मात्र 13.5 ओवर में ही कुल 3 विकेट को खोकर लक्ष्य कर जीत हासिल कर लिया। मैच का समापन नगर पालिका परिषद अकबरपुर की चेयरपर्सन सरिता गुप्ता ने कहा कि उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन के महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा प्रयासों की जितनी सराहना की जाय वह कम है। प्रतियोगिता के आयोजन से आज जिले में भी लड़कियां क्रिकेट के खेल में आगे आ रही हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने रेडिएंट इंटर कालेज को शुभकामना देते हुए कहा कि भविष्य में आप लोगों पर ही जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करने की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के अंत में रमाबाई राजकीय महिला डिग्री कालेज की उपविजेता टीम को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नीलू को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि सरिता गुप्ता व रीता प्रकाश मणिर्किणका ने संयुक्त रूप से बैट-बाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन की अध्यक्ष रीता प्रकाश मणिकर्णिका ने कहा कि फाउंडेशन बच्चियों को खेल के क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए दृढ संकल्पित है, जिसके लिए हर सम्भव कोशिश करने में फाउंडेशन कभी पीछे नहीं रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अम्बेडकर नगर महोत्सव समिति के अध्यक्ष प्रभात यादव, उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन के सचिव राजन सुमन, प्रवीण गुप्ता, डा. संजीव अरोड़ा, डा. महेंद्र प्रकाश, डा. राजेश कुमार, डा. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, आनन्द कुमार, डा. अतुल कन्नौजिया, डा. रवींद्र वर्मा, डा. राजेश यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे। मैच की कमेंट्री अजय श्रीवास्तव व स्कोरर विक्रमजीत सिंह रहे। अम्पारिंग की भूमिका सुधीर चतुर्वेदी एवं आनन्द सिंह ने निभाई।



गुरुवार को एकलव्य स्टेडियम में प्रमाण पत्र के साथ खिलाड़ी • हिन्दुस्तान

Scanned by CamScanner

2018-19

4 दैनिक जागरण लखनऊ, 11 जनवरी 2019

**खेल-कूद** राजकीय एकलव्य स्टेडियम में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता, आलराउंडर नीलू सम्मानित

# रेडिएंट ने सात विकेट से जीता मैच

संसू, अंबेडकरनगर : राजकीय एकलव्य स्टेडियम में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच रेडिएंट इंटर कॉलेज जलालपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत लिया। रेडिएंट की टीम ने टॉस जीतकर रमाबाई डिग्री कॉलेज की टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बल्लेबाजी करने उतरी रमाबाई डिग्री कॉलेज की टीम ने कौशिल्या के सर्वाधिक 44 रनों के सहयोग से निर्धारित 15 ओवर में 109 रन बनाकर 110 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में रेडिएंट की ओर से नीतू ने सर्वाधिक 35 रन बनाकर नॉट आउट रहते हुए मात्र 13.5 ओवर में ही तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

समापन नगर पालिका अकबरपुर की अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। मुख्य अतिथि ने उर्मिला सुमन-द फाउंडेशन के महिला सशक्तीकरण की दिशा में किए जा प्रयासों की सराहना की। अंत में रमाबाई डिग्री कॉलेज की उपविजेता टीम को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। नीलू को आलराउंडर बेहतरीन प्रदर्शन के लिए चेयरमैन सरिता गुप्ता व रीता प्रकाश मणिकर्णिका ने संयुक्त रूप से बैट-बाल देकर सम्मानित किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा सपा नेता सिद्धार्थ मिश्र भी मौजूद रहे। मैच की कमेंट्री अजय श्रीवास्तव, स्कोरर विक्रमजीत सिंह, अंपायर सुधीर चतुर्वेदी एवं आनंद सिंह ने बखूबी किया।

प्रवीण गुप्त, डॉ. संजीव अरोड़ा, डॉ. महेंद्र प्रकाश, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. अखिलेंद्र प्रताप सिंह, आनंद कुमार, डॉ. अतुल कनौजिया, डॉ. रवींद्र वर्मा, डॉ. राजेश यादव, डॉ. विजय प्रकाश, डॉ. नंदन सिंह, डॉ. मनोज गुप्त, चंद्रभान, चंद्रमौलि, सिद्धार्थ गौतम, सुनील सावंत, सुरजीत कुमार, श्वेता, अमित, विजय बहादुर सिंह, अर्पित यादव, प्रज्ञा, बृजेश सिंह चौहान, माधुरी आदि के साथ बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



राजकीय एकलव्य स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता का लुत्फ उठाती छात्राएं •जागरण



महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान गेंद को मारने का प्रयास करती महिला खिलाड़ी •जागरण

Scanned by CamScanner

(38)
2018-19



# शिक्षा के साथ खेल भी है जरूरी: एसपी

अम्बेडकरनगर | हिन्दुस्तान संवाद



रमाबाई पीजी कालेज में क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ करतीं पुलिस अधीक्षक शालिनी

पुलिस अधीक्षक शालिनी ने कहा है कि जीवन के लिए हवा पानी की तरह आवश्यक है। हवा पानी से केवल जिन्दा रहा जा सकता है मगर खेल, योग और प्राणायाम से पूर्ण स्वस्थ जिन्दा रहा जा सकता। पुलिस अधीक्षक गुरूवार को रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के दो दिनी वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहीं थी।

दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को रूचि के अनुसार खेल खेलने को उत्प्रेरित किया और उत्साह वर्धन किया। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. शेफाली सिंह ने किया। संचालन डा. विश्वनाथ द्विवेदी ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत क्रीड़ा संयोजक डा. राजेश कुमार ने किया। प्रमुख रूप से डा. सीमा यादव, डा. नन्दन सिंह, डा. अरविन्द कुमार वर्मा, विजय प्रकाश सिंह, डा. सुधा, डा.अतुल कुमार कन्नौजिया, डा. मनोज गुप्ता, प्रो. संजीव अरोड़ा, डा. अजीत प्रताप सिंह, डा. अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, डा.आनंद, डा. पूनम, प्रो. संगीता, प्रो. वालेन्टिना प्रिया मौजूद रहीं। निर्णायक की भूमिका नवोदय विद्यालय के सुभाष वर्मा, बीएन आईसी के संदीप ने निभाई।

**आउटडोर प्रतियोगिता का परिणाम:** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के दो दिनी वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के पहले दिन 100 मीटर की हीट हुई। इसमें कविता, रीना और ममता को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम तीन स्थान 800 मीटर दौड़ में सीमा, स्वाति और नेहा को, डिस्कस थ्रो में रिन्की, अंजलि और शिखा को, क्रिकेट बाल थ्रो में श्रेया, सोनाली और नीलू को मिला।

**इंडोर प्रतियोगिता का परिणाम:** रमाबाई के इंडोर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कृत किया। इंडोर प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान बैडमिंटन में गरिमा, रिन्की और वंदना ने, शतरंज में साक्षी और वैशाली ने, कैरम में वंदना, साक्षी और गरिमा ने प्राप्त किया।

Scanned by CamScanner

# फर्राटा में कविता, तो 800 मीटर दौड़ में सीमा अव्वल

## रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

अमर उजाला ब्यूरो

**अंबेडकरनगर।** जिला मुख्यालय स्थित रमाबाई राजकीय महिला पीजी कॉलेज में गुरुवार से दो दिवसीय 20वीं वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पहले दिन हुई प्रतियोगिता में 100 मीटर फर्राटा में कविता व 800 मीटर दौड़ में सीमा ने बाजी मारी। शुक्रवार को प्रतियोगिता समापन पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ एसपी शालिनी ने करते हुए छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन गुरुवार को 100 मीटर फर्राटा दौड़ में कविता ने रीना को पीछे करते हुए बाजी मारी। 800 मीटर दौड़ में सीमा राजभर ने बाजी मारी, जबकि स्वाति श्रीवास्तव को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। डिस्कस थ्रो में रिंकी जायसवाल ने जीत दर्ज की, जबकि अंजली को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। क्रिकेट बॉल थ्रो में श्रेया मिश्रा ने जीत दर्ज कर सुहानी को पीछे छोड़ा। शॉटपुट में साक्षी ने बाजी मारी, जबकि गरिमा को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता संचालक डा. महेंद्र ने कहा कि शुक्रवार को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। बाद में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक शालिनी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीपार्चन कर किया। छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस प्रकार की प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भागीदारी करें। शिक्षा के साथ साथ खेल के प्रति भी अपनी रुचि बढ़ाएं। मौजूदा समय में देश की तमाम युवतियां व महिलाएं अलग अलग खेल में विश्व में देश का नाम रोशन कर रही हैं। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस जरूरत है, उसे निखारने की। प्रधानाचार्या डॉ. शेफाली ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। इस दौरान डॉ. सीमा यादव, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. महेंद्र, डॉ. मनोज, डॉ. नंदन, डॉ. विजयलक्ष्मी आदि मौजूद रहे।



अंबेडकरनगर के रमाबाई बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ावोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ करतीं एसपी शालिनी। *अमर उजाला*

Scanned by CamScanner

जो दिखा वही लिखा
अयोध्या समाचार
Regd. No - 1224/14-15



# रमाबाई में दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता शुरू

Article ID: 31926




Photo Caption: *कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधीक्षक, प्राचार्य व अन्य* ::
Photo Grapher : *Ayodhya Samachar*

अंबेडकर नगर, 7 फरवरी । रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का आरम्भ ब्रहस्पतिवार को हुआ। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्रीमती शालिनी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया एवं अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह ने किया। क्रीडा संयोजक डॉ0 राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उद्घाटन कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता के पहले दिन सौ मीटर की हीट हुई, जिसमें कविता,रीना और ममता ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। आठ सौ मीटर दौड़ में सीमा, स्वाति और नेहा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में साक्षी, गरिमा और शिखा ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में रिन्की, अंजलि और शिखा ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट बॉल थ्रो में श्रेया, सोनाली और नीलू ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इण्डोर प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। जिसमें बैडमिंटरन में गरिमा, रिंकी और वंदना ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त किया। शतरंज में साक्षी और वैशाली को पुरस्कार मिला और कैरम में वंदना, साक्षी और गरिमा को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय के सुभाष वर्मा, बीएन केबी इंटर कालेज के संदीप जॉन निर्णायक भूमिका में रहे। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 अरविन्द, डॉ0 अजीत, डॉ0 मनोज, डॉ0 महेन्द्र प्रकाश, डॉ0 पूनम, सुधा, डॉ अखिलेन्द्र, सुश्री सीता, डॉ0 अरूणकांत, चन्द्रभान, रवीन्द्र वर्मा, डॉ0 अतुल, डॉ0 सीमा यादव तथा कर्मचारी गण और स्नातक, स्नातकोत्तर की समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 विश्वनाथ द्विवेदी ने किया।

Scanned by CamScanner

जो दिखा वही लिखा
अयोध्या समाचार
Regd No.- 1224/14 15



# रमाबाई में दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का समापन

Article ID: 31960



Photo Caption: *कबड्डी खेलती छात्राएं* :: Photo Grapher : *Ayodhya Samachar*

## सीमा राजभर रहीं ओवर आल चैम्पियन

अंबेडकर नगर, 8 फरवरी । रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर शेफाली सिंह द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को विभिन्न श्रेणियों -रेस, कबड्डी, रस्साकसी, भाला प्रक्षेपण में तथा ऊँची कूद एवं लम्बी कूद में पुरस्कार दिया गया । ओवर आल चैम्पियन सीमा राजभर रही। चार सौ मीटर दौड़ में सीमा राजभर प्रथम, नेहा भारती द्वितीय, ममता जायसवाल तृतीय स्थान प्राप्त किया, 800 मीटर दौड़ में सीमा राजभर प्रथम, स्वाती श्रीवास्तव द्वितीय, नेहा भारती तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला प्रक्षेपण में नेहा भारती प्रथम, गरिमा वर्मा द्वितीय, श्रेया मिश्रा तृतीय स्थान प्राप्त किया, क्रिकेट बाल थ्रो में श्रेया मिश्रा प्रथम, सोनाली द्वितीय, नीलू तृतीय स्थान मिला। लम्बी कूद में सीमा राजभर प्रथम, रिंकी जायसवाल द्वितीय, अंजली वर्मा तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहीं। वहीं ऊँची कूद में सीमा राजभर प्रथम, अंजू पाल द्वितीय, रिंकी जायसवाल तृतीय स्थान पर रहीं।

Scanned by CamScanner

07 हिन्दुस्तान
लखनऊ • शनिवार • 09 फरवरी 2019

# ओवरआल चैम्पियन रहीं सीमा राजभर

**अम्बेडकरनगर।** रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर के दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. शेफाली सिंह ने किया। वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में ओवरआल चैम्पियन सीमा राजभर रहीं।

प्राचार्या प्रो. शेफाली सिंह ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। संचालन डा. विश्वनाथ द्विवेदी ने किया। क्रीड़ा संयोजक डा. राजेश कुमार के साथ निर्णायक की भूमिका नवोदय विद्यालय के सुभाष वर्मा, बीएन आईसी के संदीप ने निभाई। समापन समारोह में प्रमुख रूप से डा. सीमा यादव, डा. नन्दन सिंह, डा. अरविन्द कुमार वर्मा, विजय प्रकाश सिंह, डा. पूनम, प्रो. संगीता, प्रो. वालेन्टिना प्रिया मौजूद रहीं।

**प्रतियोगिता में इन्होंने प्राप्त किया प्रथम तीन स्थान** प्रथम तीन स्थान 400 मीटर दौड़ में बीए तृतीय वर्ष की सीमा राजभर, बीएससी प्रथम वर्ष की नेहा भारती ने, बीकाम प्रथम वर्ष की ममता जायसवाल को मिला। वहीं 800 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में सीमा राजभर, एमए फाइनल की स्वाति श्रीवास्तव को और नेहा भारती को प्रथम तीन स्थान प्राप्त हुआ। भाला प्रक्षेपण में अव्वल नेहा भारती रहीं तो बीएससी द्वितीय वर्ष की गरिमा वर्मा को द्वितीय स्थान और एमए प्रथम वर्ष की श्रेया मिश्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। क्रिकेट बाल थ्रो में अव्वल श्रेया मिश्रा रही। वहीं बीएससी प्रथम वर्ष की सोनाली को द्वितीय स्थान और बीए तृतीय वर्ष की नीलू को तृतीय स्थान मिला। लंबी कूद में प्रथम तीन स्थान पर क्रमशः सीमा राजभर, बीए तृतीय वर्ष की रिंकी जायसवाल को और बीए प्रथम वर्ष की अंजली वर्मा को प्राप्त हुआ। दूसरी ओर ऊंची कूद में भी सीमा राजभर, बीए द्वितीय वर्ष की अंजू पाल को द्वितीय और रिंकी जायसवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह कबड्डी में एमए कक्षा टीम विजेता और उप विजेता बीए तृतीय वर्ष की छात्राएं रहीं। रस्साकशी में भी एमए की टीम विजेता और बीएससी द्वितीय वर्ष की टीम उप विजेता रही।

लखनऊ, 9 फरवरी 2019 दैनिक जागरण 7



रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं • जागरण

## दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

अंबेडकरनगर : रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर में दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस मौके पर जवाहर नवोदय विद्यालय के सुभाष वर्मा, संदीप जॉन, शिल्पी और प्रज्ञा ने निर्णायक भूमिका निभाई। पांच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों के लिए सीमा राजभर तथा बीए द्वितीय वर्ष को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। कबड्डी में यह एमए विजेता रहा तो बीए तृतीय वर्ष उप विजेता, रस्साकशी में एमए विजेता उपविजेता बीएससी द्वितीय वर्ष तथा स्लो साइकिल रेस में प्रथम स्थान उषा वर्मा तथा द्वितीय स्थान कौशल्या को मिला। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अरविंद, डॉ. अजीत, डॉ. मनोज, डॉ. महेंद्र प्रकाश, डॉ. पूनम, सुधा, अखिलेंद्र, सीता, डॉ. अरुणकांत आदि मौजूद रहे।

Scanned by CamScanner